# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

पत्रांक 1854 / कार्य-65 / 15 दिनांक– 30-04-026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 29.04.2026 में प्रकाशित जनपद भदोही के जंगीगंज में जल जीवन मिशन की रफ्तार सुस्त'' रमईपुर के ग्रामीण शुद्व जल के लिए बेहाल'' होने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 29.04.2026 में प्रकाशित जनपद भदोही के जंगीगंज में जल जीवन मिशन की रफ्तार सुस्त'' रमईपुर के ग्रामीण शुद्व जल के लिए बेहाल'' समस्याओं के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड ज्ञानपुर की ग्राम पंचायत रमईपुर पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय,01 नग सोलर पैनल, 01 नग वाउण्ड्रीवाल, 26.039 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 926 नग पेयजल गृह संयोजनके कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग वाउण्ड्रीवाल,01 नग सौलर पैनल, 26.039किमी0 वितरण प्रणाली एवं 630 नग गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य फुल हाइट तक पूर्ण करा लिया गया है। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।


1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

# जंगीगंज में जल जीवन मिशन की रफ्तार सुस्त: रमईपुर के ग्रामीण शुद्ध जल के लिए बेहाल

सत्यप्रकाश | जंगीगंज, भदोही (संत रविदास नगर)

1 दिन पहले



योजना अधूरी रहकर केवल कागजों तक सीमित प्रतीत हो रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव की महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सुबह-शाम लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है, जिससे उनका समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

बच्चों और बुजुर्गों को भी पानी की कमी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- आज जो भी फैसला लेंगे, उसमें सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। अगर प्रॉपर्टी से संबंधित कोई खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे हैं, तो आज इसके लिए समय अनुकूल है। घर के

और पढ़ें

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →